@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Friday, 01 May 2026 PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 226 Pages 04 | ₹3.00

# Rajasthan pitches agri-investment opportunities at Ahmedabad meet

# CM INVITES PARTICIPATION IN GRAM 2026

FAIR REPORT

**Ahmedabad/Jaipur,** Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Thursday positioned the State as an emerging agribusiness hub, highlighting its crop diversity and policy push for value addition, while inviting investors to participate in the Global Rajasthan Agritech Meet (GRAM) 2026 to be held in Jaipur from May 23 to 25.



Addressing an investors' meet in Ahmedabad, Mr. Sharma said Rajasthan's leadership in the production of millets, mustard, isabgol, and cumin provides a strong foundation for scaling up agri-based industries. He noted that the upcoming GRAM 2026 would open avenues for investment across food processing, agri-parks, cold-chain logistics, drone technology, and artificial intelligence-driven farming.

Referring to the Centre's policy direction under Narendra Modi, the Chief Minister said efforts to modernise agriculture were enabling small farmers to emerge in the market. He called upon investors to partner in Rajasthan's "agricultural transformation journey," adding that earlier outreach events in New Delhi and Bengaluru had elicited interest in agritech and organic farming.

The State has already witnessed significant traction in food processing, with over 3,500 crore invested across more than 1,500 units. Plans are underway to develop 39 food parks, with land identified at 34 locations, officials said. In addition, Memorandums of Understanding (MoUs) worth around 44,000 crore in the agriculture sector were signed during the Rising Rajasthan Global Investment Summit, of which approximately 10,000 crore has begun translating into on-ground investments.

Mr. Sharma also pointed to improvements in infrastructure and energy, including expansion of road networks and increased power capacity, as key enablers for industrial growth. He urged members of the Rajasthan diaspora to invest in the State.

The event also marked the formal launch of the Ahmedabad chapter of the Rajasthan Foundation, alongside MoU exchanges in dairy, food processing, and spice processing sectors, followed by an interaction with industry stakeholders.

# Rajasthan CM inaugurates girls' college in Pali, underscores focus on women's education



FAIR REPORT

**Pali:** Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Thursday inaugurated a newly constructed girls' college at Rohat in Pali district, reiterating the State government's emphasis on expanding access to education for girls and advancing women's empowerment.

The event was organised by the Rajeshwar Bhagwan Anjani Mata Kanya Gurukul Sansthan as part of the institution's 10th foundation day celebrations. Prior to addressing the gathering, the Chief Minister formally dedicated the new college building to the public and offered prayers at the Anjani Mata temple, seeking prosperity and well-being for the State.

In his address, Mr. Sharma highlighted the role of educational institutions in shaping an equitable society, noting that investment in girls' education yields long-term social and economic dividends. He also interacted with students of the Gurukul, discussing ongoing government initiatives aimed at improving educational access, enhancing skill development, and promoting gender equity.

Officials said the new facility is expected to strengthen higher education opportunities for girls in the region, particularly in semi-urban and rural areas where access remains limited.

The programme saw participation from local representatives, educators, and community members, reflecting growing institutional support for women-centric educational initiatives in the State.

The inauguration signals a continued policy push towards inclusive education, with a focus on bridging gender gaps and creating enabling environments for young women to pursue higher studies.

## India's Defence Exports Surge: ₹50,000 Crore Target by 2029 Within Reach

FAIR REPORT

**New Delhi.** India's defence sector is witnessing a sharp upward trajectory, with the government expressing strong confidence that exports will surpass 50,000 crore by 2029. The projection comes amid a sustained push for indigenous manufacturing under the "Make in India, Make for the World" framework.



According to Defence Secretary Rajesh Kumar Singh, the country's defence exports have already shown remarkable acceleration. In 2025–26, exports surged by 62%, reaching 38,424 crore—up significantly from 23,622 crore in 2024–25 and 21,083 crore in 2023–24. The consistent growth reflects both expanding global demand and India's increasing capability in producing advanced defence systems.

The export basket now includes a wide range of products—from missile systems and artillery to advanced avionics and naval platforms—positioning India as an emerging player in the global defence supply chain. Strategic partnerships, policy reforms, and a focus on self-reliance have further strengthened this trajectory. However, analysts note that sustaining this momentum will require continued investment in research and development, streamlined procurement processes, and competitive pricing in a highly contested global market. Geopolitical alignments and export regulations will also play a decisive role in shaping future outcomes. India's defence export growth is no longer aspirational—it is measurable and accelerating. If current trends hold, the 50,000 crore milestone may not just be achievable, but potentially exceeded, marking a significant shift in India's position from a major importer to a credible global exporter of defence technology.

### Collector's inspection flags service gaps at Jaipur's JK Lone Hospital

**Jaipur:** A surprise inspection by Jaipur District Collector Sandeep Nayak at the JK Lone Hospital on Thursday brought to light deficiencies in essential services, with attendants of paediatric patients reporting non-availability of medicines at the hospital counter and instances of unsatisfactory staff conduct. Officials said the visit was undertaken to review basic facilities amid rising temperatures. The Collector toured wards, assessed cooling arrangements such as coolers and fans, and interacted with caregivers of admitted children to gauge on-ground conditions.

## Rahul Gandhi flags ecological and tribal concerns over Great Nicobar project

FAIR REPORT

**New Delhi.** Senior Congress leader Rahul Gandhi has raised strong objections to the proposed development initiative in Great Nicobar Island, terming it a threat to the island's fragile ecology and indigenous communities.

In a statement following his recent visit, Mr. Gandhi described the island's forests as "extraordinary" and cautioned against large-scale deforestation. He alleged that the project would involve the diversion of vast tracts of rainforest, potentially affecting biodiversity and disrupting ecosystems that have evolved over centuries.



Mr. Gandhi also expressed concern over the impact on local communities, including indigenous groups and settlers, claiming that their voices had not been adequately represented in the decision-making process. He argued that development should not come at the cost of ecological degradation and displacement.

The proposed project in Great Nicobar, positioned by the government as a strategic and economic initiative, includes infrastructure expansion aimed at boosting connectivity and maritime capabilities. Officials have maintained that due clearances are being obtained and that environmental safeguards will be followed. However, environmentalists have echoed concerns about the scale of forest diversion and its long-term implications. Experts note that the island falls within a seismically sensitive and ecologically critical zone, home to unique flora and fauna.

The debate reflects a broader policy tension between infrastructure-led growth and environmental conservation. While the government views the project as essential for strategic and economic reasons, critics argue that irreversible ecological costs must be carefully weighed.

# 'COUNT YOURSELF FIRST': RAJASTHAN LAUNCHES DIGITAL-FIRST CENSUS 2027



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*By Special Feature Desk*

FAIR REPORT

**Jaipur,** April 30. Rajasthan will commence Census 2027 from May 1 with a digital-first architecture that officials describe as a decisive administrative upgrade aimed at improving data fidelity and citizen participation. Chief Secretary V. Srinivas, in a video message released on social media, urged residents to "count themselves first" by using the newly introduced self-enumeration facility.

The self-enumeration window (May 1–15, 2026) will allow households to submit details via an online portal or mobile application—an innovation intended to minimise manual errors, standardise entries, and accelerate processing. The State government has positioned the move as part of a broader shift towards evidence-based governance, wherein real-time, high-quality



data informs policy, budgeting, and service delivery.

"Accurate data is the backbone of welfare targeting and infrastructure planning," Mr. Srinivas said, adding that the initiative would enable more precise allocation of resources and improved delivery of schemes across sectors. Departments have been directed to undertake awareness drives, establish facilitation centres, and extend assisted support in low-connectivity areas to ensure inclusivity.

The digital phase will be followed by field enumeration (May 16–June 14, 2026), during which trained enumerators will verify submissions and cover households unable to access the online system. Authorities have also reiterated that census data will be handled in accordance with strict statutory confidentiality norms.

Officials said the integration of technology into the census process reflects a forward-looking administrative design—reducing duplication, enhancing auditability, and creating a robust data backbone for long-term planning. Policy observers note that, if executed effectively, the model could set a template for future large-scale governance exercises.

With its emphasis on precision, participation, and digital workflows, the rollout is being framed as a step towards a more responsive and future-ready Rajasthan.

FAIR RAJASTHAN
FAIR REPORT 02

वन विभाग ने जारी की SOP, प्रोटोकॉल का हो पालन, आबादी क्षेत्र में वन्यजीव को मारने को बजाय पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाने को प्राथमिकता दी जाए

# लेपर्ड को आदमखोर घोषित करने से पहले अपनाएंगे वैज्ञानिक और कानूनी प्रक्रिया

FAIR REPORT
**जयपुर**

शहर और आसपास की कॉलोनियों में लेपर्ड की आवाजाही बढ़ती जा रही है। कई बार लोगों पर हमले के बाद लेपर्ड को पकड़ने में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं किया जाता। ऐसे में राजस्थान वन विभाग ने राज्य में स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) जारी किया है। इस गाइडलाइन में बताया गया कि लेपर्ड को आदमखोर घोषित करने से पहले वैज्ञानिक और कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके अलावा लेपर्ड को मारने के बजाय पकड़ने और सुरक्षित स्थान पर ले जाने को प्राथमिकता दी जाएगी। जहां इंसानी जीवन को खतरा न हो, वहां लेपर्ड को अनावश्यक रूप से पकड़ने या दूसरी जगह ट्रांसफर करने से बचा जाएगा। इससे लेपर्ड की सुरक्षा के साथ-साथ इंसानों और वन्यजीवों के बीच बढ़ते संघर्ष को कम किया जा सकेगा।



मुख्य वन्यजीव वार्डन केसीए अरुण प्रसाद ने बताया- इस SOP में वन अधिकारियों, रेस्क्यू टीमों, जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच समन्वय की रूपरेखा तैयार की गई है। इसमें जानवरों की संख्या के साथ ही आमजन की सुरक्षा और कानूनी प्रक्रियाओं के पालन पर जोर दिया गया है।

## रेस्क्यू ऑपरेशन में भीड़ को करेंगे कंट्रोल

नई SOP के तहत उप वन संरक्षक (DCF) रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व करेंगे। वहीं डीसीएफ भीड़ कंट्रोल करने और कानून व्यवस्था बनाने के लिए कलेक्टर और पुलिस के साथ समन्वय करेंगे। जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 लागू कर भीड़ को कंट्रोल किया जा सकेगा। लेपर्ड को उस इलाके से सुरक्षित निकलने के लिए रास्ता खुला रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर लेपर्ड को पशु डॉक्टर बेहोश कर पिंजरे में सुरक्षित स्थान ले जाएंगे। घायल लेपर्ड का इलाज कर ठीक होने के बाद जंगल में छोड़ा जाएगा। छोड़ने से पहले माइक्रो-चिपिंग और बाद में निगरानी आवश्यक होगी। लेपर्ड कुएं में गिर जाए, तो पहले बिजली सप्लाई बंद की जाएगी। सीढ़ियां, लकड़ी का तख्त या रस्सियों से बंधी चारपाई का उपयोग होगा। पानी के ऊपर जाल भी लगाया जा सकता है। सूर्यास्त के बाद रेस्क्यू नहीं किया जाएगा। लेपर्ड अगर घरों, मवेशियों के बाड़ों या खेतों में दिखाई दे तो सुरक्षित निकालने की कार्रवाई की जाएगी। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान भीड़ कंट्रोल, लोगों की आवाजाही पर रोक, मीडिया से सीमित बातचीत के भी निर्देश दिए। लेपर्ड को ले जाते समय कम भीड़भाड़ वाले रास्तों का उपयोग किया जाए।

## लोगों को करेंगे जागरूक

वन विभाग ने हर रेंज स्तर पर रैपिड रेस्पॉन्स टीम बनाने के निर्देश दिए हैं। बचाव उपकरणों की हर महीने जांच, रिकॉर्ड मेंटेन करना और हर तीन महीने में मॉक ड्रिल अनिवार्य किया है। लेपर्ड की मौजूदगी वाले इलाकों में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाएंगे। इनमें उनके व्यवहार, पहचान और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 के नियमों की जानकारी दी जाएगी। सूचना पर फील्ड स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचेगा और सीनियर अधिकारियों को जानकारी देगा। घटनास्थल पर फोटो और वीडियो लेकर सबूत जुटाए जाएंगे। भीड़ को कंट्रोल किया जाएगा।

## तेंदुओं के संरक्षण के लिए जवाई में निर्माण पर रोक, जारी एनओसी भी रद्द होगी

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पाली जिले के जवाई क्षेत्र में तेंदुओं के आवास स्थलों के संरक्षण को लेकर बड़ा आदेश जारी किया है। कोर्ट ने पूरे जवाई क्षेत्र में नए निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश डॉ पुष्पेंद्र सिंह भाटी और न्यायाधीश संदीप शाह की खंडपीठ ने पाली निवासी अपूर्वा अग्रवाल द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि जवाई क्षेत्र में न्यायालय की अनुमति के बिना कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। साथ ही नाइट सफारी भी नहीं होगी। केवल संबंधित गांवों के आबादी क्षेत्र में आवश्यक अनुमति के साथ निर्माण की छूट रहेगी। तेंदुओं के आवागमन और उनके प्राकृतिक आवास को प्रभावित करने वाले सभी व्यावसायिक पर्यटन प्रतिष्ठानों और निर्माण गतिविधियों पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने पहले से जारी सभी NOC (अनापत्ति प्रमाण पत्र) निरस्त करने को कहा, साथ ही प्रक्रिया में सुधार करने को भी कहा।

## निगम ने हटाए अस्थाई अतिक्रमण, कैरिंग चार्ज वसूला



FAIR REPORT
**जयपुर**

नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशन में गुरुवार को सतर्कता शाखा की द्वारा अस्थाई अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 17 हजार 500 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल कर 4 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में दुर्गापुरा पुलिया के नीचे, गांधी नगर टोंक रोड, एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर, बांगड़, जेके लोन, मुरलीपुरा, निवारू पुलिया के पास, स्टार हाइट्स के सामने, 100 फीट रोड़ कांटा चौराहा से खिरणी फाटक रोड, प्रेम नगर गली नंबर 1 खातीपुरा आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 17 हजार 500 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने पाली में किया कन्या महाविद्यालय भवन का लोकार्पण

# 'बालिका शिक्षा में तेजी से बढ़ रहा राजस्थान'



FAIR REPORT
**जयपुर**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार की दूरगामी नीतियों एवं निर्णयों के माध्यम से उच्च शिक्षा तक के स्तर पर आधारभूत संरचनाओं का विकास और विस्तार सुनिश्चित करते हुए बेटियों को सुलभ शिक्षा के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को पाली के रोहट में राजेश्वर भगवान आंजणी माता कन्या गुरुकुल संस्थान द्वारा नवनिर्मित कन्या महाविद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम तथा कन्या गुरुकुल के 10वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इस दौरान शर्मा ने स्थानीय क्षेत्र की जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए डीपीआर बनवाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद पी.पी. चौधरी, लुम्बाराम चौधरी, विधायक हमीर सिंह भायल, जीवाराम चौधरी, अरुण चौधरी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, अन्य जनप्रतिनिधि सहित पीठाधीश्वर साध्वी भगवती बाईजी, दयाराम महाराज, पदमाराम महाराज, सुमन सुलभ महाराज और आमजन उपस्थित रहे।

## महिलाओं को मिली शिक्षा एवं सुरक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने एवं उनके सम्मान के लिए प्रभावी नीतियों एवं योजनाओं की रूपरेखा बनाई। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान प्रारम्भ किया जिससे बालिका लिंगानुपात बढ़ा। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन और स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों का निर्माण करवाकर महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित की। जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर-नल से जल भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरूप राज्य सरकार ने युवा, महिला, किसान एवं मजदूर के उत्थान को केन्द्र में रखकर प्रदेश के विकास का रौडमेप बनाया है। इस में बिजली-पानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। राम जल सेतु लिंक परियोजना, देवास परियोजना, यमुना जल समझौता, सोम-कमला-अम्बा आदि को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने पाली क्षेत्र की योजनाओं एवं विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है।

## 43 हजार से अधिक स्कूटियों का वितरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ढाई वर्ष के कार्यकाल में 71 नए राजकीय महाविद्यालय खोलने के साथ ही 185 नए राजकीय महाविद्यालयों के भवनों का लोकार्पण किया है। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भवनों के निर्माण, उन्नयन एवं जीर्णोद्धार के लिए 125 करोड़ रुपये स्वीकृत, पीजी स्तर के 50 और यूजी स्तर के 73 महाविद्यालयों में नए विषय प्रारम्भ करने के साथ ही मेधावी छात्राओं को 43 हजार से अधिक स्कूटियों का वितरण किया है।

## ब्रीफ खबरें

### प्रदेश का गौरवशाली 'हेल्थ मॉडल' आज 'वेंटिलेटर' पर : गहलोत



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की वर्तमान स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सरकार के समय जो हेल्थ मॉडल राज्य का गौरव और विश्वस्तरीय पहचान बन चुका था, उसे वर्तमान सरकार के कुप्रबंधन ने 'वेंटिलेटर' पर ला खड़ा किया है। गहलोत के अनुसार यह बेहद चिंताजनक है कि भीषण गर्मी के दौर में अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण मरीजों को अपने घरों से पंखे लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में आ रही गिरावट का मुख्य कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार स्वास्थ्य सेवा (आरजीएचएस) का लगभग 2200 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान नहीं होने से प्रदेश में इलाज की प्रक्रिया ठप हो गई है। इसके अलावा, हजारों फार्मासिस्टों की सेवाएं समाप्त करने और करोड़ों रुपये के चिकित्सा उपकरणों को रखरखाव के अभाव में कबाड़ में बदलने जैसे फैसलों को उन्होंने जनता की सेहत के साथ एक 'जानलेवा खिलवाड़' करार दिया। गहलोत ने कहा कि उनकी कांग्रेस सरकार ने 'राइट टू हेल्थ' कानून के जरिए प्रदेशवासियों को इलाज की जो गारंटी दी थी, भाजपा सरकार उसे पूरी तरह विफल कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रदेश की जनता स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे इस अन्याय और अव्यवस्था को देख रही है और आने वाले समय में इसका कड़ा जवाब देगी।

### युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 20 नामांकन दाखिल




**जयपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के आगामी संगठनात्मक चुनाव के लिए सदस्यता अभियान जोर शोर से जारी है और राज्य में संगठन के शुल्क अदा कर बने कुल सदस्यों का आंकड़ा 5.81 लाख से अधिक हो गया है। राज्य में भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 20 लोगों ने नामांकन दाखिल किए हैं। वहीं प्रदेश महासचिव पद के लिए 118 उम्मीदवार मैदान में है। भारतीय युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के लिए प्रदेश रिटर्निंग अधिकारी ठाकुर सिंह बिष्ट ने बताया कि युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के लिए राजस्थान में सदस्यता अभियान 21 अप्रैल से शुरू हुआ। इसके तहत कुल नामांकित सदस्यों की संख्या 9,99,076 हो गई है। इसमें से 5,83,227 ने सदस्यता शुल्क का भुगतान कर दिया है जबकि 4,15,849 का शुल्क अभी बकाया है। प्रति सदस्य शुल्क 75 रुपए है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान 20 मई 2026 तक चलेगा और सदस्यता शुल्क चुकाने के लिए एक दिन का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता शुल्क चुकाए जाने के बाद, दस्तावेज आदि की जांच के बाद ही राज्य में यूथ कांग्रेस के सदस्यों की संख्या का अंतिम आंकड़ा सामने आएगा। बिष्ट ने बताया कि 18 से लेकर 35 साल का युवा, युवा कांग्रेस की सदस्यता ले सकता है प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल प्रमुख नामों में निशा खींचड़, अनिल चौपड़ा, भगवती मीन, अभिषेक चौधरी व राजकुमार परसवाल शामिल हैं। प्रदेश महासचिव पद के लिए 118 उम्मीदवार मैदान में है। इसके अलावा जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव सहित चार और पदों के लिए चुनाव होना है।

## आंधी से गांधी सर्किल पर गिरा बस स्टैंड शेल्टर




**जयपुर।** प्रदेश में मौसम करवटें बदल रहा है। कभी बूंदाबांदी होती है तो कभी तेज आंधी चलने लगती हैं। आंधी की वजह से जेएलएन मार्ग स्थित गांधी सर्किल पर लोहे का भारी-भरकम बस स्टॉप गिर पड़ा। गनीमत रही कि हादसे के वक्त मौके पर कोई मौजूद नहीं था। राहगीर सावधान रहें, आंधी में ये 'आश्रय' ही जानलेवा साबित हो सकते हैं। सुरक्षित स्थानों पर ही शरण लें।

## कोटा में घर बैठे पाइपलाइन गैस कनेक्शन, राजस्थान स्टेट गैस का विशेष अभियान

FAIR REPORT
**जयपुर**



राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस द्वारा कोटा में बहुमंजिला अपार्टमेंट्स सहित आसपास के निवासियों को शिविर लगाकर पाइपलाइन से घरेलू गैस डीपीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने बताया कि कोटावासियों को डीपीएनजी कनेक्शन डोरस्टेप पर उपलब्ध कराने के लिए शिविर कार्यक्रम जारी किया गया है। पहले चरण में एक से 8 मई तक सुभाष नगर प्रथम, विवेकानंद नगर, स्वामी विवेकानन्द नगर और राजीव गांधी नगर में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।पिछले दिनों जयपुर में राज्य की सीजीडी संस्थाओं की बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने राज्य की सीजीडी संस्थाओं को अवेयरनेस अभियान चलाकर क्षेत्रवासियों को पाईप लाईन से घरेलू गैस सुविधा डीपीएनजी से जोड़ने की आवश्यकता प्रतिपादित की। प्रबंध निदेशक पाटनी ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पीएनजी नेटवर्क वाले क्षेत्रों में डीपीएनजी कनेक्शन जारी कर एलपीजी फ्री जोन घोषित करने के निर्देश दिए गए है। आरएसजीएल ने एक मई से 8 मई तक का डोर स्टेप शिविर कार्यक्रम जारी कर दिया है। शिविर के दौरान कोटावासियों को कनेक्शन लेने पर विशेष प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। डीपीएनजी कनेक्शन के लिए कार्यक्रमानुसार शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। शिविर में अपार्टमेंट व आसपास की कालोनियों के नागरिक आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर डीपीएनजी कनेक्शन प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक, संवेदनशील शहरों में अतिरिक्त निगरानी के दिए निर्देश

# 27 जिलों के 611 केन्द्रों पर नीट परीक्षा 3 को, तैयारियां चाक-चौबंद

FAIR REPORT
**जयपुर**

प्रदेश में 3 मई को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के सुचारू आयोजन के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा राज्य के 27 जिलों के 611 केन्द्रों पर होगी। प्रशासन ने राज्य के 'कोचिंग हब' कहे जाने वाले कोटा व सीकर के साथ जयपुर व अन्य संवेदनशील शहरों में अतिरिक्त निगरानी के निर्देश दिए हैं।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक में नीट परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के साथ बैठक हुई। मुख्य सचिव ने अधिकतम परीक्षा केंद्रों वाले और सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर उचित छाया, पेयजल और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था के साथ नजदीकी अस्पताल में ओआरएस के पैकेट और एम्बुलेंस उपलब्ध रखने के भी निर्देश दिए।

पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए उचित निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्रों के 300 मीटर के दायरे में ई मित्र फोटो कॉपी और साइबर कैफ़े जैसी दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा शांति और निष्पक्षता के साथ हो, इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय से काम करेंगे।

परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा ने बताया कि नीट परीक्षा के वाले दिन सभी जिलों के अधिकारियों को परिवहन के उचित इंतज़ाम के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, परीक्षा वाले दिन सभी अभ्यर्थियों के लिए रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था भी रहेगी।

## निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश

परीक्षा के निष्पक्ष एवं पारदर्शी आयोजन के लिए जिला प्रशासन जयपुर द्वारा अनुचित साधनों एवं परीक्षा नियमों के उल्लंघन पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जयपुर शहर के परीक्षा कोऑर्डिनेटर महिपाल सिंह ने बताया कि किसी भी स्तर पर अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले अभ्यर्थियों को अनुचित साधनों का प्रयोग (यूएफएम) का दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। ऐसे अभ्यर्थियों को एनटीए परीक्षाओं से अधिकतम 3 वर्ष तक प्रतिबंधित किया जा सकता है तथा लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत आपराधिक कार्यवाही भी की जाएगी। निर्देशानुसार अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले अभ्यर्थियों का नीट (यूजी)-2026 का परिणाम निरस्त किया जाएगा। साथ ही गलत परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने, अन्य अभ्यर्थी की ओएमआर शीट/प्रश्न पुस्तिका पर लिखने या लिखवाने की स्थिति में भी परिणाम रद्द किया जाएगा। परीक्षा अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि अनुचित साधनों के मामलों में दोषी अभ्यर्थी को नई ओएमआर शीट या प्रश्न पुस्तिका प्रदान नहीं की जाएगी।

### रीको औद्योगिक क्षेत्र बिचून को दोबारा शुरू कराने के लिए ज्ञापन



**जयपुर।** ग्राम बिचून व आसपास क्षेत्र के नागरिकों ने रीको औद्योगिक क्षेत्र बिचून के कार्यों को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर जिला कलक्टर जयपुर संदेश नायक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र से हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलने के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं का विकास होगा। स्थानीय नागरिक इस परियोजना के पक्ष में हैं और इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। हालांकि, कुछ समय से धार्मिक स्थल से जुड़े विवाद के चलते कार्य बाधित हो गया है, जिससे विकास कार्य रुक गया है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से आग्रह किया कि आस्था और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए संबंधित पक्षों से वार्ता कर समाधान निकाला जाए। ज्ञापन में मांग की गई कि आपसी सहमति के आधार पर रीको औद्योगिक क्षेत्र के कार्यों को शीघ्र पुनः शुरू कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को रोजगार व सुविधाओं का लाभ मिल सके।


## ब्रीफ खबरें

### माधव विश्वविद्यालय में मनोवैज्ञानिक आकलन प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के क्लिनिकल साइकोलॉजी विभाग की और से इंटरएक्टिव मनोवैज्ञानिक आकलन प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. एस. अनुराधा एवं सहायक प्रो. जेरी जैकब के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रदर्शनी का संचालन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना तथा मानव व्यवहार, भावनाओं, बुद्धिमत्ता और व्यक्तित्व को समझने में इन परीक्षणों की भूमिका को प्रदर्शित करना था। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के मनोवैज्ञानिक आकलन उपकरणों का प्रदर्शन किया गया, इनमें इंटेलिजेंस टेस्ट, पर्सनैलिटी असेसमेंट, न्यूरोसाइकोलॉजिकल टेस्ट एवं प्रोजेक्टिव तकनीकें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। आगंतुकों को इनके उद्देश्य, संचालन प्रक्रिया तथा क्लिनिकल प्रैक्टिस में उनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान इंटरएक्टिव डेमोंस्ट्रेशन और रोचक चर्चाओं ने ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक बना दिया। इसमें विभिन्न संकायों से आए विद्यार्थियों-आगंतुकों ने भाग लेते हुए आयोजन की सराहना की। प्रदर्शनी मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुई। कार्यक्रम ने मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के प्रति जागरूकता बढ़ाई साथ ही मानसिक स्वास्थ्य देखभाल, निदान-उपचार में भूमिका को भी उजागर किया।

### धमकियों से परेशान युवती झील में कूदी, गोताखोरों ने डूबने से बचाया



**जोधपुर।** जिले के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित कायलाना झील में गुरुवार सुबह एक युवती ने छलांग लगा दी। उसने एक परिचित लड़के-लड़की की धमकियों से परेशान होकर यह खौफनाक कदम उठाया। मौके पर मौजूद गोताखोरों और महिला पुलिसकर्मियों की तत्परता से युवती को डूबने से बचा लिया गया। पानी से बाहर निकालने के बाद टीम ने उसे सीपीआर देकर होश में लाया, जिसके बाद उसे मथुरादास माथुर (एमडीएम) अस्पताल ले गए। बाद में पुलिस की सूचना पर वहां पहुंचे परिजनों को सौंप दिया। सुबह करीब 10:30 बजे कायलाना झील पर तैनात गार्ड व कैमरामैन ने वहीं गश्त कर रही पुलिस की कालिका यूनिट की कांस्टेबल रूपा, सुगर, संगीता और अनु को बताया कि एक लड़की पानी में कूद गई है। इस पर वे उस तरफ दौड़ीं। वहीं, स्पीड बोट कंपनी के मैनेजर सुरेश ने आवाज सुनी, तो टीम को अलर्ट किया। मुस्तैदी दिखाते हुए पास ही मौजूद गोताखोर मदन सिंह, भागीरथ ने देखा कि एक युवती पानी में डूब रही है और वह किनारे से काफी दूर है।

### शेखावाटी विवि पहुंचे पीएम मोदी के भाई प्रहलाद, विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



**सीकर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद मोदी का राजस्थान के निजी प्रवास के दौरान पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में अनौपचारिक आगमन हुआ। कुलगुरु निवास पर भेंट के दौरान मोदी दीक्षांत समारोह में अघोरी परम्परा के सिद्ध पुरुष शैलेंद्रनाथ महाराज को विवि की ओर से मानद उपाधि प्रदान करने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह सनातन संस्कृति को प्रतिष्ठित करने की दिशा में महात्वपूण पहल है। विवि शिक्षा और संस्कृति का मुख्य केन्द्र माना जाता है, इसलिए शिक्षा जगत के साथ धर्म और आध्यात्म जगत के अग्रणी महापुरुषों को सम्मानित करना सनातन परंपरा का सम्मान है। इस अवसर पर शेखावाटी विवि के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने विश्वविद्यालय द्वारा समाज और राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों और नवाचारों की जानकारी दी। कुलगुरु ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और उसके दूरदर्शी परिणाम के संदर्भ में चर्चा की। चर्चा में राशन डीलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि शेखावाटी वीरों और व्यवसायियों की भूमि तो है ही परंतु अब शिक्षा और नवाचार में भी अग्रणी है। मोदी ने इस बात पर खुशी जाहिर की विवि अनेक अत्याधुनिक अकादमिक विषयों का संचालन कर रहा है। इस मौके पर प्रहलाद मोदी ने सनातन संवाद कार्यक्रम करने का सुझाव दिया।

### IHMS सिस्टम का विरोध, चिकित्सक बोले- हम इलाज करें या डाटा एंट्री?



**भीलवाड़ा।** राजस्थान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ (भीलवाड़ा) ने राजकीय औषधालयों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बिना कंप्यूटर स्टाफ के IHMS (ऑनलाइन डाटा फीडिंग) सिस्टम लागू करने का विरोध किया है। मुख्यमंत्री व आयुर्वेद निदेशक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में चिकित्सकों ने इसे 'प्राकृतिक न्याय' के विरुद्ध बताया है। संघ की ओर से विभागीय उप निदेशक डॉ. महाराज सिंह को जिलाध्यक्ष डॉ .सतीश शर्मा कि अगुवाई मे दिये ज्ञापन मे बताया कि अधिकांश केंद्रों पर केवल 1-2 कर्मचारियों का स्टाफ है, जिससे चिकित्सकीय कार्य पहले से प्रभावित है। वही डाटा एंट्री का कार्य चिकित्सकीय श्रेणी में नहीं आता और यह चिकित्सकों के जॉब चार्ट का हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही अतिरिक्त कार्यभार से चिकित्सकों की कार्यक्षमता पर असर पड़ेगा और वे मानसिक तनाव में आ जाएंगे। जबकि इसे लेकर चिकित्सकों से गैर-चिकित्सकीय कार्य करवाने के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर में अवमानना याचिका पहले से ही लंबित है।

# एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के लिए लोगों को करें जागरूक: एसडीएम

**14-15 साल की बालिकाओं के टीकाकरण पर फोकस; अभिभावकों की काउंसलिंग और घर-घर जाकर जागरूकता के निर्देश**

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़/बेगूं।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उपखंड कार्यालय बेगूं में एसडीएम अंकित सामरिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में तहसीलदार गोपाल जीनगर, बीसीएमओ डॉ. ऋतुराज कृष्णिया, पीएमओ डॉ. दिनेश धाकड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम ने निर्देश दिए कि 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के टीकाकरण के लिए शिक्षा विभाग के माध्यम से स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं के अभिभावकों की बैठक आयोजित की जाए। अभिभावकों को टीके के फायदों के बारे में समझाकर उनकी सहमति से छात्राओं का टीकाकरण कराया जाए।महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षकों को एएनएम और आशा सहयोगिनियों के साथ टीम बनाकर घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपने अधीनस्थ स्टाफ के माध्यम से लक्ष्यानुसार टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। उपजिला चिकित्सालय बेगूं सहित सभी सीएचसी और पीएचसी पर टीकाकरण से जुड़े सेल्फी स्टैंड लगाने और लाभार्थी बालिकाओं को प्रमाण पत्र देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जानकारी दी गई कि 25 अप्रैल 2026 को बेगूं ब्लॉक के अंतर्गत एसडीएच बेगूं, सीएचसी चैची, काटूंदा और पारसोली में एक साथ 43 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। अब तक दो सत्रों में कुल 82 बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा यह टीकाकरण पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है, जबकि निजी अस्पतालों में इसकी कीमत करीब 6 हजार रुपए तक है। एसडीएम ने अधिकारियों को फील्ड में जाकर योजनाओं का निरीक्षण करने और आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय लक्ष्यों को समय पर पूरा करना अनिवार्य होगा।

घटना के बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं की : थानाधिकारी पर नशे में दुर्व्यवहार का आरोप

# थाने के पास युवक को पीटा, SHO लाइनहाजिर

FAIR REPORT

**जोधपुर**



यहां शहर के आखलिया चौराहा पर कार से बाइक की टक्कर के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। बाइक सवार युवक को 50 से ज्यादा बदमाशों ने थाने के ठीक बाहर लोहे के सरियों और लाठियों से पीटा। घायल को सिर में गंभीर चोट लगने पर एमडीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। थाने के बाहर भीड़ इक्ट्ठा हो गई। इसके बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मामले में लापरवाही बरतने पर पुलिस कमिश्नर शरत कविराज ने खांडा फलसा थानाधिकारी बलवंतराम को भी लाइन हाजिर कर दिया है। इससे पहले पीड़ित पक्ष ने थानाधिकारी पर भी नशे में दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए अलग से शिकायत भी दी। घटना जोधपुर शहर के आखलिया चौराहा पर बुधवार देर रात की है। युवक को खांडा फलसा थाने के ठीक बाहर पीटा गया। भीड़भाड़ वाले सिवांची गेट इलाके और थाने के बाहर इस घटना से एकबारगी हालात तनावपूर्ण हो गए। जोधपुर निवासी प्रोटीन हाउस के मालिक मनीष जोशी पुत्र ओमप्रकाश जोशी 29 अप्रैल की रात बाइक से जा रहे थे। आखलिया चौराहे पर एक कार से बाइक की टक्कर हो गई।

इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। टक्कर मारने के बाद कार सवार सिवांची गेट की तरफ निकल गया था। बाइक सवार युवक मनीष उसका पीछा कर सिवांची गेट पहुंचा था सिवांची गेट स्थित खांडा फलसा थाने के बाहर हनुमान मंदिर के पास दोनों पक्षों में फिर से झगड़ा हो गया था। घायल मनीष के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि वहां इकबाल खान उर्फ इक्कू बा के छोटे भाई और उसके साथ आए करीब 50 बदमाशों ने उनके बेटे पर जान से मारने के इरादे से लोहे के सरियों व लाठियों से हमला कर दिया। हमले में मनीष के सिर पर गंभीर चोट आई हैं। थाने के बाहर हुए इस घटनाक्रम के बाद लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पिता ने बताया कि घटना के बाद भी काफी देर तक पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। आक्रोशित लोगों ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और लंबे समय से लापरवाही बरतने वाले खांडा फलसा थानाधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि वे रात 11 बजे से सुबह 4 बजे तक थाने के बाहर खड़े रहे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

मामले की जानकारी मिलने पर रात्रि गश्त कर रहीं एसीपी मंगलेश चुंडावत भी मौके पर पहुंची। एसीपी ने बताया कि दो पक्षों के बीच एक्सीडेंट के बाद मारपीट की सूचना मिली थी। परिवादी पक्ष की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज जुटाने के प्रयास कर रही हैं। पुलिस टीमें उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। घटना के बाद भी पुलिस के मामला दर्ज नहीं करने से आक्रोशित लोगों ने थाने के बाहर विरोध जताना शुरू कर दिया। घायल मनीष के पिता ओमप्रकाश ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट तो दी ही, साथ ही साथ थानाधिकारी बलवंतराम के खिलाफ भी एसीपी के नाम एक शिकायत भी दी। इसमें बताया कि घटनाक्रम के बाद देर रात थाने पहुंचे थानाधिकारी ने शराब के नशे में पीड़ित व उनके साथ आए लोगों से दुर्व्यव्हार किया।

### कार में लॉक हुए बच्चे की मौत

**जोधपुर।** जिले के बिलाड़ा कस्बे में कार में लॉक हुए 3 साल के मासूम की मौत हो गई। बच्चा खेलते-खेलते पिता की अर्टिगा कार में बैठ गया था। गर्मी में करीब डेढ़ घंटे तक कार में बंद रहने के कारण उसका दम घुट गया। घटना बुधवार दोपहर की है। परिवार ने बताया कि घर में फंक्शन था। हादसे के कारण खुशियां मातम में बदल गई हैं। जानकारी के अनुसार कस्बे के पंचोलियों का बास निवासी विष्णु जांगिड़ का बेटा हितार्थ घर के पास खेल रहा था। परिजनों ने जब काफी देर तक बच्चे को नहीं देखा, तो उसे ढूंढना शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे बाद घर के पास खड़ी कार पर उनका ध्यान गया। कार के अंदर हितार्थ बेहोश मिला। उसे तुरंत बिलाड़ा के ट्रोमा सेंटर ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिवार ने बताया कि विष्णु जांगिड़ परिवार सहित बेंगलुरु में रहते हैं। हितार्थ के छोटे भाई का मुंडन और नए घर में प्रवेश कार्यक्रम के लिए वे बच्चों के साथ गांव आए थे।

### कॉन्स्टेबल को गोली मारने वाले 2 जनों को उम्रकैद



**दौसा।** जिले में कॉन्स्टेबल की सिर में गोली मारकर हत्या करने वालों को जज ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों हत्यारों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इन हत्यारों को फरारी में मदद करने वाले 3 को भी 5-5 साल की सजा सुनाई है। दोनों चोरी की बाइक पर हथियार लेकर भाग रहे थे। इस दौरान पीछे लगी पुलिस पर दोनों ने फायरिंग शुरू कर दी। मामले में गोली सीधे कॉन्स्टेबल के सिर में लगी थी। कॉन्स्टेबल को गोली मारने के बाद हत्यारे करीब 36 घंटे तक खेतों में ही छिपे रहे थे। विशेष लोक अभियोजक गोपाल शर्मा ने बताया कि बहुचर्चित कॉन्स्टेबल प्रहलाद सिंह हत्याकांड में गुरुवार को फैसला सुनाया। हिण्डौन-सूरोठ के सौरभ और सेवर के रहने वाले नवीन को हत्या और आर्म्स एक्ट का दोषी माना। वहीं मामले में बंटी, जीतू और शुभम को आश्रय देने में मदद करने का दोषी माना।

### महिला से दिनदहाड़े लूट, सोनोग्राफी के बहाने ठग ले गए ढाई तोला सोना

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**



जिले के गंगापुर कस्बे में एक शातिर लुटेरी महिला ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम देते हुए अस्पताल आई एक महिला को निशाना बना लिया। जानकारी के अनुसार सोनोग्राफी करवाने आई महिला को आरोपी ने बहला-फुसलाकर उसके गहने उतरवा लिए और पति को सौंपने का बहाना बनाकर मौके से फरार हो गई। पीड़िता सहाड़ा निवासी कल्ला देवी पत्नी मदन लाल शर्मा बताई जा रही हैं। आरोपी महिला करीब ढाई तोला वजनी स्वर्ण आभूषण लेकर चंपत हो गई। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत गंगापुर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अस्पताल में सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात कैद हो गई है, जिसमें गुलाबी सलवार सूट पहने एक महिला संदिग्ध रूप से जाती हुई दिखाई दे रही है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी महिला की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है और पुलिस ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की है।

# शहर में बढ़ती चोरियां, जैन मंदिर केस में 13 दिन बाद भी खाली हाथ पुलिस

**पूर्व राज्यमंत्री ने उठाए सवाल; नाइट पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग, लोगों में डर का माहौल**

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़-** शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं और दुर्ग स्थित जैन मंदिर में हुई चोरी का 13 दिन बाद भी खुलासा नहीं होने से लोगों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। इस मामले को लेकर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने सरकार और पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी दुर्ग क्षेत्र के मंदिरों में चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन अब तक मामलों का खुलासा नहीं होना प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शाता है। इससे आमजन का भरोसा कमजोर हो रहा है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि पूर्व राज्यमंत्री ने अपने बयान में कहा कि शहर में बढ़ती चोरी और आपराधिक घटनाओं ने क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बदलने के बाद से ही चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है।उन्होंने कहा कि जिले में कई स्थानों पर चोरी की वारदातें सामने आ चुकी हैं, लेकिन पुलिस अधिकतर मामलों का खुलासा करने में असफल रही है। शहर के अलग-अलग इलाकों में दिनदहाड़े चोरी, चेन स्नेचिंग, सूने मकानों और दुकानों में सेंधमारी के साथ-साथ दुपहिया और चौपहिया वाहनों की चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई तो कर रही है, लेकिन आमजन की जान-माल की सुरक्षा पर भी बराबर ध्यान देना जरूरी है। आरोप लगाया कि रात के समय पुलिस गश्त के नाम पर केवल चालान बनाकर औपचारिकता पूरी की जा रही है। पूर्व राज्यमंत्री ने मांग की कि शहर के हर क्षेत्र में, खासकर रात के समय, पुलिस गश्त बढ़ाई जाए ताकि चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके और आमजन को राहत मिल सके।

**बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित हुआ ट्रेलर, एक की मौत, दूसरा गंभीर**

# बाइक को बचाने के चक्कर में हादसा; पिकअप-ट्रैक्टर भी चपेट में आए, दर्शन को जा रहे थे दोनों युवक

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़/बेगूं-** उपखंड क्षेत्र के पारसोली रेलवे स्टेशन चौराहे पर नेशनल हाईवे-27 पर गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रेलर चालक द्वारा अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित हो गया और बाइक को टक्कर मारने के बाद साइड में खड़े पिकअप और ट्रैक्टर को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार मोहनलाल धाकड़ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा लालूराम धाकड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पारसोली सीएचसी में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल चित्तौड़गढ़ रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार ट्रेलर कोटा से चित्तौड़गढ़ की ओर जा रहा था। पारसोली रेलवे स्टेशन चौराहे के पास अचानक सामने आई बाइक को बचाने के प्रयास में चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। बाइक पर सवार दोनों युवक घोवटा माताजी के दर्शन के लिए अपने घर से निकले थे।बाइक को टक्कर मारने के बाद ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े एक पिकअप और एक ट्रैक्टर को भी टक्कर मार दी। इन दोनों वाहनों में पैदल यात्रियों के लिए खाने-पीने का सामान रखा हुआ था। बताया गया कि ये यात्री पिपलूंद जहाजपुर से चित्तौड़गढ़ स्थित कालिका माताजी के दर्शन के लिए पैदल जा रहे थे। गनीमत रही कि हादसे के समय यात्रियों का दल घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक बरगद के पेड़ की छाया में बैठकर भोजन कर रहा था, जिससे वे सुरक्षित बच गए और बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पारसोली थानाधिकारी ठाकराराम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर और पिकअप को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।मृतक के शव को सीएचसी पारसोली के मुर्दाघर में रखवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# INDIA SLIPS 6 PLACES IN PRESS FREEDOM



FAIR REPORT

**New Delhi, April 30:** India slipped six places to rank 157 out of 180 countries in the 2026 World Press Freedom Index, published early Thursday by the French media watchdog Reporters Sans Frontières (RSF), also known as Reporters Without Borders.

Last year, India was ranked 151 in the global media independence index. Interestingly, Pakistan, India's nuclear neighbour, is ranked 153, up from 158 last year.

Norway continues to hold the top spot as the best country for journalists for the 10th consecutive year, while Eritrea comes in last for the third year in a row.

However, the biggest improvement in press freedom had been in Syria following the ouster of Bashar al-Assad in late 2024.

While it climbed 36 places in the rankings to 141,

**Norway continues to hold the top spot as the best country for journalists for the 10th consecutive year**

RSF warned that the press freedom situation there remained "very serious".

The steepest decline in 2026 was in junta-led Niger, which has been placed at 120th, down 37 places.

RSF said, "This year, the Index's analysis highlights an alarming deterioration in the conditions for journalism in many parts of the world, despite some isolated improvements, as 100 out of 180 countries and territories have seen their press freedom score decline."

In India, the RSF said, "Judicial harassment of independent media is intensifying, driven by the growing use of criminal statutes – defamation and national security laws among them – directly targeting journalists."

The US has been ranked at 64, down from 57 last year, with the RSF saying, "Journalists who were already fighting against economic headwinds and dealing with a crisis of public trust — among other challenges — now also contend with President Donald Trump's systematic weaponisation of state institutions, including funding cuts to public broadcasters such as NPR and PBS, political interference in media ownership, and politically motivated investigations targeting disfavoured journalists and media outlets."

"Since Trump's return to office, journalists have also been targeted on the ground during protests, reflecting a broader deterioration that amounts to one of the most severe crises for press freedom in modern US history," the RSF said.

For the first time in the history of the World Press Freedom Index, the RSF said, over half of the world's countries now fall into the "difficult" or "very serious" categories for press freedom.

In 25 years, the average score of all 180 countries and territories surveyed in the Index has never been so low, it added.



**COMMUNICATION BOOST:** A Vande Bharat Express crosses Chenab Bridge during a trial run Thursday, as Union Railway Minister Ashwini Vaishnaw flags off the train service between Jammu and Srinagar. Regular services will commence May 2 PTI PHOTO

## Trump floats new plan for Hormuz

FAIR REPORT

**Washington, April 30:** US President Donald Trump Thursday floated a new plan to reopen the Strait of Hormuz, a senior official said.

Under the plan, the US would continue its blockade on Iranian ports, while coordinating with allies to impose higher costs on Iran's attempts to subvert the free flow of energy, according to a senior administration official.

Trump is weighing multiple diplomatic and policy options to push Iran to end its chokehold on the waterway, said the official, who spoke on condition of anonymity because they were not authorised to comment publicly.

**SKELETON SHOCKER**

# Initial probe reveals bank at fault

FAIR REPORT

**Keonjhar, April 30:** Three days after media reports and a viral video showed a tribal man from Patana block in Keonjhar carrying his sister's skeleton to a bank as proof of death to withdraw her money, preliminary investigations indicated that bank staffers 'did not cooperate with him', officials said Thursday.

The state government Thursday began the probe into the incident wherein Jeetu Munda, 50, was seen carrying the skeletal remains of his sister to Maliposi branch of Odisha Grameen Bank (OGB), causing an uproar across the state as well as the country.

Chief Minister Mohan Charan Majhi had directed the Northern Division Revenue Divisional Commissioner (RDC), Sangram Keshari Mohapatra, to initiate a probe.

As part of the investigation, Mohapatra, along with Keonjhar Collector Vishal Singh and other officials, visited the Maliposi branch of OGB Thursday.

Mohapatra checked the CCTV footage and questioned the bank officials to ascertain the circumstances leading to the incident, officials said. The team also visited Dianali village under the block and questioned Jeetu Munda, who had carried the skeleton of his sister Kalara Munda, 56, to the bank. Mohapatra said preliminary



investigation suggests that the "bank was at fault" and stringent action will be taken against the officials responsible for the entire episode.


"I spoke to the bank officials and Jeetu. Preliminary findings indicate that the bank is at fault. Munda and his sister had visited the bank several times in the past and withdrawn money. Munda is not illiterate, but he is ignorant about the banking procedures," Mohapatra told reporters.

"As there is no audio version of the CCTV footage, we are unable to ascertain what exactly the bank staff told him. Munda was present in the bank from 11:26am to 11:58am. During this time, he met the bank manager twice and returned aggrieved," the RDC said.

On Tuesday, a day after the incident, the Indian Overseas Bank (IOB) had said the episode appears to have arisen due to a lack of awareness of the claim settlement process, and the individual's unwillingness to accept the procedures explained by the branch manager.

Meanwhile, a Congress delegation led by former OPCC president Niranjan Patnaik met Jeetu earlier in the day.

## 5 of family killed as car catches fire in Raj



FAIR REPORT

**Jaipur, April 30:** Five members of a family were burnt alive while the driver was seriously injured after a car caught fire on Delhi-Mumbai Expressway in Rajasthan's Alwar district, police said Thursday.

The incident took place near Maujpur Wednesday night when the victims were returning from a pilgrimage to Vaishno Devi in Jammu and Kashmir.

The deceased have been identified as Santosh, his wife Shashi, mother Parvati and daughters Raghani and Sakshi, all residents of Chainpura in Sheopur district of Madhya Pradesh.

Deputy Superintendent of Police Kailash Jindal said a short circuit is suspected to have triggered the blaze. As it was a CNG vehicle, the fire spread fast, leaving the occupants with no time to escape.

"Only skeletal remains were recovered from the vehicle, which have been preserved separately. DNA tests will be conducted to establish their identity," he said.

# Amend abortion law for rape survivors: SC

FAIR REPORT

**MINOR'S PREGNANCY**



**New Delhi, April 30:** A minor cannot be forced to bear a pregnancy, the Supreme Court said Thursday while pulling up the Centre and asking it to amend the law to permit rape survivors to terminate unwanted pregnancies even beyond 20 weeks.

In a ruling with far reaching implications for rape survivors, including children, and the issue of autonomy over their bodies, a bench of CJI Surya Kant and Justice Joymalya Bagchi took strong exception to a plea by AIIMS seeking to set aside the SC order allowing a 15-year-old girl to medically terminate her 30-week pregnancy.

"Please amend your law that when there is pregnancy due to rape etc, then time limitation will not be there. The law needs to be organic and in sync evolving times. Also amend the law so that such trials are completed within a week. Why should the child suffer the pending trauma of the trial also," the CJI said.

The court said in its impassioned observations that this is a case of child rape and the survivor will have a lifelong scar and trauma if termination is not allowed. If the mother does not have permanent disability, termination should be carried out, it said.

"This is a curative petition. Unwanted pregnancy cannot be thrust on a person. Imagine... she is a child. She should be studying now. But we want to make her a mother. Imagine the pain, the humiliation the child has suffered in this," the bench said.

It asked AIIMS to counsel the survivor's parents and said the decision has to be of the person concerned.

"There are children for adoption. In this country we have lot of sympathies...There are deserted, abandoned children on the streets and even mafias on it. We have to look at them. This is an unwanted pregnancy of a 15-year-old child," it said.

During the proceedings, an AIIMS doctor told the court that it is not child versus foetus but child versus child.

Additional Solicitor General Aishwarya Bhati, appearing for AIIMS, mentioned the curative plea and said the termination of pregnancy is not possible.

"It will be a live baby with severe deformities. Minor mother will have lifelong health issues and cannot reproduce... This child can be given for adoption. It has been 30 weeks now. It is a viable life now," Bhati said.

She also sought the court's permission for counselling with the teen and her parents.

At this juncture, Justice Bagchi said, "Who has stopped you? What is your Parens patriae (parent of the nation) approach? Give respect to your citizen. Show data to the parents and if they choose to keep it. Then so be it. But if they think the mental health is in jeopardy then they will take a call. Please do not press your curative. The curative can come from the parents. Let us not make a fight between state and its citizens. Bring in a psychiatrist and counsellor. Let us not choose for people capable for choosing."

It is not for AIIMS, it said, to choose for citizens and it can only render medical service.

The top court said the decision on termination has to be that of the survivor and her parents. AIIMS, it said, may help them take an informed decision.

# India's first Zinc Mark site: Chanderiya Smelter gets global recognition

FAIR REPORT

**Udaipur:** Hindustan Zinc Limited has achieved a major milestone as its Chanderiya Lead Zinc Smelter (CLZS) became the first site in India to get Zinc Mark validation. The recognition has been given under the framework of The Copper Mark after a detailed independent assessment. The company said CLZS successfully met all required standards during the evaluation process. These included performance in emissions control, energy and water efficiency, waste management, biodiversity protection, worker safety and human rights. Zinc Mark is an international certification that checks performance on environmental, social and governance (ESG) standards at the site level. At a time when global demand for responsibly produced metals is increasing, this achievement strengthens CLZS's position as a trusted and responsible producer. CEO Arun Misra said the achievement is not just a milestone but a reflection of the company's future direction. He said the company is focused on transparency, accountability and global ESG standards, helping position India as a reliable supplier of sustainable metals. Hindustan Zinc has also received global recognition for its sustainability efforts. It has been ranked as the world's most sustainable metals and mining company for the third consecutive year in the 2025 assessment by S&P Global. The company is also India's first mining firm to join the International Council on Mining and Metals, aligning itself with global best practices.



# Wonder Cement's initiative improving government schools in Chittorgarh

**₹2.61 crore support for 15 schools under CSR; classrooms, labs and sports facilities to be developed**

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** In the field of education, the initiative of Wonder Cement is showing positive impact in the district. Along with industrial growth, the company is also fulfilling its social responsibility by contributing to the development of government schools. Under its 'Neev' initiative, the company has provided 2.61 crore for 15 government schools as part of its Corporate Social Responsibility (CSR) program. With this support, development works worth 6.53 crore will be carried out, improving basic infrastructure and learning environment in schools. This initiative was also supported by Chand Kriplani (MLA, Nimbahera). Unit Head Nitin Jain handed over the amount to District Education Officer Pramod Dashora and Additional District Project Coordinator Rajendra Kumar Sharma. Under this plan, construction of classrooms, basketball courts, toilets, entrance gates, domes and pathways will be done in 13 government schools and 2 Kasturba Gandhi residential schools for girls. This will improve both infrastructure and the overall learning atmosphere. The company's support is not limited to construction. It also includes smart classrooms, computer labs, furniture, electricity facilities, CCTV cameras, playground development and plantation. Eklavya knowledge centers are also being set up to provide better learning resources to students. Unit Head Nitin Jain said the goal is not just construction, but to develop government schools into quality education centers with modern facilities. District Education Officer Pramod Dashora appreciated the effort and said that the initiative has already brought visible changes in schools. The increase in student enrollment this academic session shows that cooperation between government and private sectors can bring real improvement in education. This initiative by Wonder Cement is a strong example of CSR and is expected to play an important role in shaping the future of thousands of students in the district.

# *Hezbollah's 'undetectable' fibre-optic drones*

FAIR REPORT



**Tel Aviv, April 30:** Hezbollah has launched a new weapon against northern Israel in the latest round of fighting: small drones controlled with fibre-optic cables, the width of dental floss that avoid electronic detection.

Many drones are susceptible to electronic jamming by air defences. But fibre-optic drones are not controlled remotely. They have a thin cable that connects an operator directly to the drone, making it impossible to jam electronically. However, the drones are not infallible because the wind – or other drones – can cause the cables to tangle. But, "if you know what you're doing, it's absolutely deadly", said Robert Tollast, a drone expert and researcher at the Royal United Services Institute in London, explaining how the drone can fly low and creep up on a target.

Experts said militaries must either intercept the drones, which is difficult due to their small size and short flight path, or find a way to snip the nearly invisible cable. Hezbollah – the Iran-backed militant group in Lebanon – has mostly been using the fibre optic drones on Israeli soldiers operating in southern Lebanon or towns on the border. Fiber optic drones are a relatively new threat during the latest round of fighting with Hezbollah. Hezbollah seems to have turned to them because Israeli air defences have been successful against larger and more powerful rockets, missiles and other drones, said the official, who spoke on the condition of anonymity in line with military guidelines. Ran Kochav, a former head of the Israeli military's air defence command, said Israel is failing in its attempts to defend against the fibre-optic drones. "They fly very low and very fast, and they are very small, it's very difficult to detect them, and even after they're detected, they are really hard to track," he said.

Fibre-optic drones were developed to get around detection, although they do not have the same range as a drone that uses a radio link or artificial intelligence to navigate.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com